# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## International Year of Millets 2023 @ CUH

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 03-08-2022**

# अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के अवसर पर हकेवि में कार्यक्रम आयोजित



*अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के बारे में जानकारी देते विशेषज्ञ।*

महेंद्रगढ़, 2 अगस्त (मोहन/परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पोषण जीवविज्ञान विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईसीएमआर-राष्ट्रीय पोषण संस्थान, हैदराबाद के वैज्ञानिक डॉ. पारस शर्मा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित हुए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज दिवस घोषित किया है। इससे मोटे अनाज के उत्पादन को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत व दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से खाद्य सुरक्षा व पोषण के लिए पोषक अनाज के योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. पारस शर्मा ने बाजरा: पोषक तत्वों की संरचना, प्रसंस्करण और चुनौतियों पर केंद्रित उद्‌बोधन दिया। उन्होंने मानव स्वास्थ्य में बाजरा के महत्त्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

इसके पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोषण जीवविज्ञान विभाग की छात्रा सुश्री ईशा ने अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के बारे में परिचय देते हुए पोषण में मोटे अनाज के महत्त्व से अवगत कराया। वक्ताओं का परिचय विभाग की छात्रा तोशी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विभाग की छात्रा सुश्री महिमा शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 03-08-2022**

कार्यक्रम

**अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में हकेंविवि में कार्यक्रम आयोजित**

# मोटा अनाज सेहत के लिए है बेहद फायदेमंद : डॉ. पारस

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पोषण जीव विज्ञान विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञों ने मोटे अनाज को पोषक और सेहत के लिए फायदेमंद बताया।

इस दौरान आईसीएमआर-राष्ट्रीय पोषण संस्थान हैदराबाद के वैज्ञानिक डॉ. पारस शर्मा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज दिवस घोषित किया है। इससे मोटे अनाज के उत्पादन को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से खाद्य सुरक्षा व पोषण के लिए पोषक अनाज के योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। विशेषज्ञ डॉ. पारस शर्मा ने बाजराः पोषक तत्वों की संरचना, प्रसंस्करण और चुनौतियों पर केंद्रित उद्बोधन दिया। उन्होंने मानव स्वास्थ्य में बाजरा के महत्त्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

इसके पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोषण जीवविज्ञान विभाग की छात्रा ईशा ने अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के बारे में परिचय देते हुए पोषण में मोटे अनाज के महत्त्व से अवगत कराया। वक्ताओं का परिचय विभाग की छात्रा तोशी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विभाग की छात्रा महिमा शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



पोषक अनाज वर्ष 2023 के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 03-08-2022**

# हकेंवि में खाद्य सुरक्षा व पोषक अनाज के बारे में किया जागरुक, मोटे अनाज का महत्व बताया

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़



हकेंवि महेंद्रगढ़ के पोषण जीव विज्ञान विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईसीएमआर-राष्ट्रीय पोषण संस्थान, हैदराबाद के वैज्ञानिक डॉ. पारस शर्मा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित हुए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज दिवस घोषित किया है। इससे मोटे अनाज के उत्पादन को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से खाद्य सुरक्षा व पोषण के लिए पोषक अनाज के योगदान के बारे में जागरुकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. पारस शर्मा ने बाजराः पोषक तत्वों की संरचना, प्रसंस्करण और चुनौतियों पर केंद्रित उद्बोधन दिया। उन्होंने मानव स्वास्थ्य में बाजरा के महत्त्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया। इसके पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोषण जीव विज्ञान विभाग की छात्रा ईशा ने अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के बारे में परिचय देते हुए पोषण में मोटे अनाज के महत्त्व से अवगत कराया। वक्ताओं का परिचय विभाग की छात्रा तोशी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विभाग की छात्रा महिमा शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 03-08-2022**

## अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज पर कार्यक्रम आयोजित

**संस, महेंद्रगढ़ :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के पोषण जीवविज्ञान विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आइसीएमआर राष्ट्रीय पोषण संस्थान हैदराबाद के विज्ञानी डा. पारस शर्मा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित हुए।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज दिवस घोषित किया है। इससे मोटे अनाज के उत्पादन को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। इस आयोजन के माध्यम से खाद्य सुरक्षा व पोषण के लिए पोषक अनाज के योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डा. पारस शर्मा ने बाजरा पोषक तत्वों की संरचना, प्रसंस्करण और चुनौतियों पर केंद्रित उद्बोधन दिया। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 03-08-2022**



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

# अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज पर हकेंवि में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

■ मानव स्वास्थ्य में बाजरा के महत्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पोषण जीव-विज्ञान विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष-2023 के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईसीएमआर-राष्ट्रीय पोषण संस्थान, हैदराबाद के वैज्ञानिक डॉ. पारस शर्मा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित हुए।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज दिवस घोषित किया है। इससे मोटे अनाज के उत्पादन को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत व दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से खाद्य सुरक्षा व पोषण के लिए पोषक अनाज के योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. पारस शर्मा ने बाजराः पोषक तत्वों की संरचना, प्रसंस्करण और चुनौतियों पर केंद्रित उद्बोधन दिया। उन्होंने मानव स्वास्थ्य में बाजरा के महत्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया। इसके पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोषण जीवविज्ञान विभाग की छात्रा ईशा ने अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के बारे में परिचय देते हुए पोषण में मोटे अनाज के महत्व से अवगत कराया। वक्ताओं का परिचय विभाग की छात्रा तोशी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विभाग की छात्रा महिमा शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।